लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 287
21 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

राजस्थान में वस्त्र उद्योग

287. श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़:
क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार राजस्थान के ऐतिहासिक रूप से प्रसिद्ध ब्यावर जिले में वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विशेष कदम उठा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को ब्यावर जिले में 100 वर्ष से अधिक पुरानी महालक्ष्मी वस्त्र मिल को पुन: चालू करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीपबित्र मार्घेरिटा)

(क) और (ख): भारत सरकार ने राजस्थान के ब्यावर जिले सहित देश भर में वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं/पहलों को लागू किया है। प्रमुख योजनाओं/पहलों में आधुनिक, एकीकृत, विश्व स्तरीय वस्त्र अवसंरचना के निर्माण के लिए पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं अपैरल (पीएम मित्र) पार्क योजना; बड़े पैमाने पर विनिर्माण को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धात्मकताको बढ़ाने के लिए मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) फैब्रिक, एमएमएफ अपैरल और तकनीकी वस्त्रों पर फोकस करने वाली उत्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना; अनुसंधान नवाचार एवं विकास, संवर्धन और बाजार विकास पर फोकस करने वाला राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम); राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम; राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम; मांग आधारित, रोजगार उन्मुख, कौशल कार्यक्रम प्रदान करने के उद्देश्य से वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना – समर्थ; रेशम उत्पादन मूल्य श्रृंखला के व्यापक विकास के लिए सिल्क समग्र-2 शामिल हैं।

(ग) और (घ): महालक्ष्मी मिल्स, ब्यावर, राजस्थान को जुलाई, 2008 में बंद कर दिया गया था। वर्तमान में, राष्ट्रीय वस्त्र निगम (एनटीसी) के मिलों का प्रचालन निलंबित है।

***